

सरकार एथलीटों को सर्वोत्तम सुविधाएं और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप ओलंपिक खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भारत के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। - अनुराग ठाकुर

केन्द्रीय खेल मंत्री, देश में खेलों के विकास के बारे में।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ साक्षी मलिक



राष्ट्रमंडल खेलों के लिये हुए कुश्ती ट्रायल्स में अगर ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक शीर्ष पर नहीं रही होती तो वह पिछले दो साल से चले आ रहे 'आत्मविश्वास के संकट' से पार नहीं पा पाती। वह डगमगाये आत्मविश्वास के कारण संन्यास लेने पर भी विचार कर रही थीं। उन्होंने कहा, "मेरा आत्मविश्वास गिरा हुआ था। मेरे कोचों ने मुझे कहा कि मैं सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों में सबसे फिट थी और मेरे अंदर ताकत भी है। साक्षी ने कहा, "मैं हैरान होती थी कि मेरे साथ क्या गलत हुआ। यह दुर्भाग्य ही था। मैंने मई में ट्रायल्स जीते और फिर मैंने अपने खेल पर भरोसा करना शुरू कर दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** 1950 के विश्व कप फुटबाल के मेजबान ब्राजील की फाइनल में उरुग्वे की हार से आयोजक इतने निराश हुए कि वे विजेता उरुग्वे को विजयी ट्रॉफी देना तक भूल गये।

# पुरुष फोर्स लॉन बॉल में भारत को मिला रजत



बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारतीय पुरुष फोर्स लॉन बॉल टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को फाइनल में नॉर्थर्न आइलैंड से हारने के बाद रजत से संतोष किया। नॉर्थर्न आइलैंड ने भारत को 15-8 से मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम मैच के ज्यादातर हिस्से में मुकाबले से बाहर नज़र आयी, जबकि नॉर्थर्न आइलैंड ने एक के बाद एक पॉइंट स्कोर किया।

यह बर्मिंघम 2022 के लॉन बॉल आयोजन में भारत का दूसरा पदक है। इससे पहले भारतीय महिला फोर्स लॉन बोल टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल किया था। भारत अब तक राष्ट्रमंडल खेल 2022 में नौ स्वर्ण, 10 रजत और नौ कांस्य सहित 28 पदक जीत चुका है।

## पूजा गहलोत ने महिला 50 किग्रा में जीता कांस्य

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारतीय पहलवान पूजा गहलोत ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को स्कॉटलैंड की क्रिस्टेल लेमोफेक को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। पूजा ने कांस्य पदक मैच में स्कॉटलैंड की पहलवान को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात दी। क्रिस्टेल ने मैच की शुरुआत में पूजा को टेकडाउन कर दो अंक हासिल कर लिये थे, लेकिन पूजा ने बिना समय व्यर्थ किये 12 पॉइंट हासिल किये, जिसके बाद उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर विजेता घोषित कर दिया गया।

## दिव्या और मोहित ने जीते कांस्य

बर्मिंघम, 6 अगस्त। दिव्या काकरान (महिला 68) और मोहित ग्रेवाल (पुरुष 125) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीत लिए हैं। दिव्या काकरान ने शुक्रवार को टोंगा की टाइगर लिली लेमाली को मात देकर कांस्य पदक जीता। दिव्या ने कांस्य पदक मैच में टाइगर लिली को हराने के लिये सिर्फ 26 सेकंड का समय लिया। दिल्ली स्टेट चैंपियनशिप में 60 पदक जीत चुकी दिव्या ने मैच शुरू होते ही टाइगर लिली को अपनी गिरफ्त में कस लिया और उन्हें चित्त (विन बाई फॉल) करके मुकाबला जीता। मोहित ग्रेवाल ने 125 किग्रा के कांस्य पदक मैच में जमैका के आरोन जॉनसन को चित्त करके कांस्य पदक प्राप्त किया। भारत बर्मिंघम 2022 में अब तक 27 पदक जीत चुका है, जिसमें से छह पदक कुश्ती से आये हैं। साथ ही भारत नौ स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में पांचवें स्थान पर आ गया है।

# इंग्लैंड पर रोमांचक जीत से भारत महिला क्रिकेट के फाइनल में



बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल में चार रन से हराकर महिला क्रिकेट के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने स्मृति मंधाना (61) और जेमीमाह रॉड्रिगेज़ (44) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 164 रन बनाये और फिर इंग्लैंड की चुनौती को 20 ओवर में छह विकेट पर 160 रन पर रोक लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति ने भारत को मज़बूत शुरुआत दिलायी। उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने पावरप्ले में 64 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट 76 रन पर शफाली वर्मा के रूप में गिरा जिन्होंने 17 गेंदों पर 15 रन बनाये। इसके फौरन बाद ही स्मृति भी 32 गेंदों पर 61 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं।

कप्तान हरमनप्रीत कौर (20) के आउट होने के बाद पारी की कमान जेमीमाह और दीप्ति शर्मा ने संभाली। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिये 38 गेंदों पर 53 रन जोड़े। दीप्ति 20 गेंदों पर दो चौकों की बदौलत 22 रन बनाकर आउट हो गयीं, जबकि रॉड्रिगेज़ ने 31 गेंदों पर सात चौके लगाकर 44 रन की नाबाद पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से फ्रेया केंप ने दो विकेट लिये जबकि कैथरीन ब्रंट और कप्तान नैटली सिवर ने एक-एक विकेट लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति ने भारत को मज़बूत शुरुआत दिलायी। उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने पावरप्ले में 64 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट 76 रन पर शफाली वर्मा के रूप में गिरा जिन्होंने 17 गेंदों पर 15 रन बनाये। इसके फौरन बाद ही स्मृति भी 32 गेंदों पर 61 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं।

कप्तान हरमनप्रीत कौर (20) के आउट होने के बाद पारी की कमान जेमीमाह और दीप्ति शर्मा ने संभाली। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिये 38 गेंदों पर 53 रन जोड़े। दीप्ति 20 गेंदों पर दो चौकों की बदौलत 22 रन बनाकर आउट हो गयीं, जबकि रॉड्रिगेज़ ने 31 गेंदों पर सात चौके लगाकर 44 रन की नाबाद पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से फ्रेया केंप ने दो विकेट लिये जबकि कैथरीन ब्रंट और कप्तान नैटली सिवर ने एक-एक विकेट लिया।

आख़िरी ओवर में इंग्लैंड को छह गेंदों में 14 रन बनाने थे। आखिरी ओवर में भारतीय टीम सिर्फ़ तीन फ़ील्डर ही बाहर रख सकती थी क्योंकि धीमें ओवर रेट के कारण उन्हें पेनल्टी मिली थी। स्नेह राणा ने इस ओवर की तीसरी गेंद पर कैथरीन ब्रैंट को कप्तान हरमनप्रीत के हाथों कैच कराकर भारत की जीत का रास्ता खोल दिया। सोफ़ी एकलस्टन ने आखिरी गेंद पर छक्का मारा लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

इस जीत से झूम उठी भारतीय टीम। एक सपना जो उन्होंने देखा था इस टूर्नामेंट से पहले, अब वो उसके काफ़ी क़रीब पहुंच चुकी हैं। आज भारतीय टीम ने जिस तरीक़े से शुरुआत की थी, उससे यह साफ़ पता चल गया था कि वह इस मुक़ाबले को किस तरह से आगे बढ़ाना चाहती हैं। हालांकि इंग्लैंड की टीम ने भी लगातार दबाव बनाए रखा लेकिन मैच के आख़िरी पलो में वे भारतीय गेंदबाज़ी के सामने कारगर प्रहार करने में विफल रहीं।

भारतीय टीम की तरफ़ से पहले बल्लेबाज़ी में स्मृति और जेमिमाह ने बढ़िया बल्लेबाजी की और जब गेंदबाज़ी की बारी आई तो सभी स्पिनरों ने कमाल की गेंदबाज़ी की। इंग्लैंड की तरफ से कप्तान नैटली सीवर ने सर्वाधिक 41 और ओपनर डैनी वायट ने 35 रन बनाये। भारत की तरफ स्नेह राणा के दो विकेटों के अलावा दीप्ति शर्मा ने 18 रन पर एक विकेट लिया।

# सिंधु सेमीफाइनल में, आकर्षी बाहर

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को मलेशिया की गोह जिन वी को 2-1 से मात देकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनायी, जबकि आकर्षी कश्यप स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिलमोर से हारकर बाहर हो गयीं।

पुसरला वेंकट सिंधु ने गोह को तीन गेमों के मैच में 19-21, 21-14, 21-18 से मात दी। दोनों खिलाड़ी इससे पहले तीन बार आमने-सामने आ चुके थे और सिंधु ने तीनों बार जीत दर्ज की थी। बर्मिंघम 2022 के मिश्रित टीम फाइनल में भी दोनों ने एक दूसरे का सामना किया था, जहां सिंधु ने 22-20, 21-17 से सीधे गेमों में गोह को मात दी थी।

यहां हालांकि गोह ने अपनी भारतीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर मुकाबला पेश किया। उन्होंने पहला गेम 21-19 से जीता और अगले दो गेमों में भी सिंधु को जीत हासिल करने के लिये बहुत मेहनत करनी पड़ी। सिंधु ने कोर्ट के हर कोने में शॉट खेले और अंततः गोह तीसरे गेम में बेहद थकी हुई और हतोत्साहित नज़र आयीं। नतीजतन सिंधु ने अगले दो गेम 21-14, 21-18 से जीतते हुए लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में कदम रखा।

दूसरी ओर, सिंधु की हमवतन आकर्षी कश्यप को अपने क्वार्टरफाइनल मैच में स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिलमोर के हाथों 2-0 हार मिली। गिलमोर ने आकर्षी को 21-10, 21-7 के सीधे गेमों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी।

## शरत ने टेबल टेनिस में भारत के दो और पदक पक्के किये

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को पुरूष और मिश्रित युगल फाइनल में जगह बनाकर दो और पदक पक्के कर लिये। शरत और जी साथियान ने आस्ट्रेलिया के निकोलस लुम और एम जी को 11.9, 11.8, 9.11, 12.14, 11.7 से हराया। अब उनका सामना फाइनल में इंग्लैंड के पॉल ड्रिंकहाल और लियाम पिचफोर्ड से होगा। शरत और श्रीजा अकुला ने मिश्रित युगल में निकोलस लुम और लू फिन को 11.9, 11.8, 9. 11, 12. 14, 11.7 से मात दी। महिला एकल में श्रीजा सिंगापुर की तियांवेइ फेंग से 6.11, 11.8, 11.6, 9.11, 8.11, 11.8, 10.12 से हार गई।

इससे पहले पुरूष एकल में शरत ने सिंगापुर के योंग इजाक क्वेक को 11.6, 11.7, 11.4, 11.7 से हराया। वहीं साथियान ने इंग्लैंड के सैम वॉकर को 11.5, 11.7, 11.5, 8.11, 10.12, 11.9 से मात दी। साथियान ने कहा ," यह शानदार मैच था। पूरा श्रेय सैम को जाता है जो शानदार खेला। मैने उसे पहले कभी नहीं हराया है और मेरे दिमाग में यह बात थी। मैने अपना संयम बनाये रखा और जीतकर खुश हूं।"

सानिल शेट्टी हालांकि एक गेम से बढत बनाने के बाद स्थानीय खिलाड़ी लियाम पिचफोर्ड से 11.9, 6.11, 8.11, 8.11, 4.11 से हार गए। महिला युगल में श्रीजा अकुला और रीथ टेनिसन और मनिका बत्रा तथा दिया चितले अंतिम 16 के मैच जीत गई। श्रीजा और टेनिसन ने वेल्स की शोल अन्ना थॉमस वू झांग और लारा विटन को 11.7, 11.4, 11.3 से हराया। वहीं बत्रा और चितले ने मॉरीशस की जे नंदेश्वरी और ओ होसेनाली को 11.5, 11.5, 11.3 से मात दी।

## निखत, नीतू, पंघाल फाइनल में, जैस्मीन हारी

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारतीय मुक्केबाज निखत ज़रीन, अमित पंघल और नीतू घंघस ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को अपने-अपने वर्ग के मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनायी, जबकि जैस्मीन लंबोरिया को हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन निखत ने महिला 50 किग्रा लाइट फ्लाइवेट सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सवानाह अल्फिया स्टब्ली को 5-0 से रौंदा। पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रही निखत ने क्वार्टरफाइनल में वेल्स की हेलेना जोन्स को भी 5-0 से मात दी थी।

पंघल ने 51 किग्रा फ्लाइवेट सेमीफाइनल मैच में ज़ाम्बिया के पैट्रिक चिनयेंबा को सर्वसम्मत निर्णय से मात दी। पंघल लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने गोल्डकोस्ट 2018 खेलों में रजत पदक जीता था। उनका फ़ाइनल में वेल्स के कियारन मैक्डोनाल्ड से रविवार को मुकाबला होगा। दूसरी ओर, नीतू ने महिला 48 किग्रा सेमीफाइनल में कनाडा की प्रियंका ढिल्लन को मात दी। इस जीत के साथ उन्होंने अपने लिये रजत पदक पक्का कर लिया है। इसी बीच, जैस्मीन को सेमीफाइनल में इंग्लैंड की जेमा पेज रिचर्टसन के हाथों हार मिली।

### साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में जीता रजत

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारत के अविनाश साबले ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में रजत पदक अपने नाम किया। साबले ने 8:11.20 मिनट के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ दौड़ को दूसरे स्थान पर पूरा किया, जबकि केन्या के अब्राहम किबिवोट 8:11.20 मिनट में दौड़ को पूरा करके पहले स्थान पर रहे। दौड़ के शुरुआती पलों में किबिवोट और उनके हमवतन आमोस सेरेम पहले एवं दूसरे स्थान पर चल रहे थे, लेकिन आखिरी क्षणों में साबले ने अपनी रफ्तार बढ़ाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, हालांकि वह 0.05 सेकंड से स्वर्ण पदक से चूक गये। सेरेम ने 8:16.83 मिनट के साथ कांस्य पदक से संतोष किया।

## राणा का शानदार प्रदर्शन लंबे समय तक याद रहेगा : मंधाना

बर्मिंघम, 6 अगस्त। स्मृति मंधाना ने भले ही 61 रन की पारी खेलकर राष्ट्रमंडल खेलों की क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर यादगार जीत की नींव रखी हो लेकिन इस स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज का कहना है कि अंतिम ओवरों में स्नेह राणा की शानदार गेंदबाजी बरसों तक याद रखी जायेगी। राणा (चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट) और दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 18 रन देकर एक विकेट) ने मंधाना के टी20 क्रिकेट में तेज अर्धशतक के बाद भारत को यादगार जीत दिलायी।

मंधाना ने मैच के बाद कहा, "इस तरह के मैचों में भूमिकायें बदलनी चाहिए। दीप्ति के मध्य के ओवर महत्वपूर्ण थे। राणा ने शानदार गेंदबाजी की जबकि 'डीप' में तीन क्षेत्ररक्षक ही मौजूद थीं। उनकी गेंदबाजी लंबे समय तक याद रखी जायेगी। मंधाना के लिये इस मैच में किसी भी हाल में जीतना महत्वपूर्ण था क्योंकि वह टीम की कुछ करीबी हार देख चुकी हैं जसमें 2017 वनडे विश्व कप फाइनल भी शामिल है।

## शतरंज ओलंपियाड : गुकेश की 8 मैचों में आठवीं जीत से भारत 'बी' ने अमेरिका को हराया

मामल्लापुरम, 6 अगस्त। किशोर ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी गुकेश ने दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को शिकस्त दी जिससे भारत 'बी' टीम ने 44वें शतरंज ओलंपियाड में शनिवार को यहां ओपन वर्ग में पुरूषों की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम अमेरिका को 3-1 से हराया। शानदार लय में चल रहे गुकेश की यह आठ मैचों में आठवीं जीत है जिससे वह लाइव रेटिंग में महान विश्वनाथन आनंद से दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय बन गये। टीम के एक अन्य किशोर खिलाड़ी जीएम रौनक साधवानी अपने से बेहतररैंकिंग वाले खिलाड़ी जीएम लिनियर डोमिनिग्ज पेरेज को ने 45 चालों में शिकस्त देकर चौका दिया। इसे बाद जीएम निहाल सरीन और आर प्रज्ञानानंद ने क्रमशः लेवोन अरोनियन और वेस्ले सो के खिलाफ अपने ड्रॉ खेलकर टीम को जीत दिला दी। ओपन वर्ग के एक अन्य मुकाबले में भारत 'सी' की टीम पेरू के खिलाफ 0.5-2.5 से पीछे है। भारत 'ए' और तालिका में शीर्ष पर काबिज आर्मेनिया के बीच बराबरी का मुकाबला चल रहा है। जीएम विदित संतोष गुजराती और एस एल नारायणन ने क्रमशः हरंत मेलकुम्यन और रॉबर्ट होवननिस्यान के खिलाफ ड्रा खेला। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत 'ए' और यूक्रेन का मुकाबला 1.5-15 की बराबरी पर है। भारत 'सी' को पोलैंड से 1-3 की हार का सामना करना पड़ा जबकि भारत 'बी' ने क्रोएशिया को 3.5-1.5 से हराया।

## 8000 वनडे रन बनाने वाले पहले बांग्लादेशी बने तमीम

हरारे, 6 अगस्त। बांग्लादेश के वनडे कप्तान तमीम इकबाल इस समय शानदार फ़ॉर्म में चल रहे हैं। वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ हुई बांग्लादेश की पिछली वनडे सीरीज़ में वह प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ थे। जनवरी 2021 से नियमित वनडे कप्तान बनने के बाद से उन्होंने बांग्लादेश को सात में से छह सीरीज़ जिताए हैं। उन्होंने पिछला पांच वनडे सीरीज़ लगातार जीता है। तमीम ने 2007 में अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी और वह बांग्लादेश के महानतम सलामी बल्लेबाज़ हैं। 229 वनडे मैचों में उन्होंने बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक 8005 रन बनाए हैं। इसके अलावा वह मुश्फ़िक़ुर रहीम के बाद बांग्लादेश के लिए दूसरे सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज़ भी हैं।

तमीम इससे पहले बांग्लादेश के लिए सबसे पहले 5000, 6000 और 7000 वनडे रन बनाने वाले भी पहले बल्लेबाज़ बने थे। 7000 से 8000 रन तक पहुंचने के लिए तमीम ने 23 पारियां ली और दो शतक लगाए। हालांकि कम वनडे मैच होने के कारण उन्हें इस उपलब्धि पर पहुंचने में दो साल से अधिक का समय लग गया। दिलचस्प बात यह है कि वनडे क्रिकेट में जिन नौ सलामी बल्लेबाज़ों ने 8000 से अधिक रन बनाए हैं, उसमें छह बाएं हाथ के बल्लेबाज़ हैं।

# प्रीमियर बैडमिंटन लीग का छठा सीजन 17 दिसंबर से होगा शुरू

नयी दिल्ली, 6 अगस्त। प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) की बहुप्रतीक्षित छठे सीजन के साथ वापसी हो रही है। यह सीजन 17 दिसंबर से 14 जनवरी तक आयोजित होगा। पीबीएल दुनिया की शीर्ष बैडमिंटन लीग्स में से एक है। इसका आयोजन भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के तत्वावधान में लीग के आधिकारिक लाइसेंस धारक- स्पोर्टसलाइव द्वारा किया जाता है।

महामारी के कारण लीग का छठा संस्करण दो बार के ब्रेक के बाद आयोजित किया जा रहा है। अब यह लीग एक बार फिर प्रशंसकों के लिए रोमांचक विश्व स्तरीय बैडमिंटन एक्शन लेकर आएगी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के अध्यक्ष डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, हम पीबीएल की वापसी से रोमांचित हैं। यह भारतीय बैडमिंटन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसने देश में खेल के विकास में योगदान दिया है। इसने हमारे युवा खिलाड़ियों को इतने बड़े वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बहुत ही आवश्यक मौका प्रदान किया है, और इसकी वापसी का इंतजार पूरी बैडमिंटन बिरादरी को था। प्रीमियर बैडमिंटन लीग 2016 में अपनी शुरुआत के बाद से भारतीय बैडमिंटन उत्थान के मामले में एक गेम चेंजर के रूप में उभरा है।

बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा, भारतीय शटलरों को पीबीएल में दुनिया के महानतम खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए बहुत फायदा हुआ है। नवोदित खिलाड़ी सीनियर खिलाड़ियों से घुले-मिले हैं और इससे उनके आत्मविश्वास और अनुभवों में इजाफा हुआ है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि लीग आने वाले समय में बहुत अधिक बेंच स्ट्रेंथ बनाने के लिए बीएआई को एक मजबूत मंच प्रदान करेगी। लीग के पिछले पांच संस्करणों में दुनिया के सबसे बड़े नामों जैसे भारतीय सितारों-सायना नेहवाल, पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत के साथ-साथ ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन, डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन, ताइवान की ताई त्ज़ु-यिंग और मलेशिया के ली चोंग वेई ने हिस्सा लिया है।

स्पोर्टसलाइव के प्रबंध निदेशक प्रसाद मांगिपुडी ने कहा, यह हम सभी के लिए एक कठिन दौर था। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि लोगों ने प्यार किया है और उनका प्यार इस लीग को बैडमिंटन की दुनिया की सबसे बड़े आयोजनों में से एक बनाता है। लीग की शुरुआत से लेकर आज की तारीख तक, भारत में खेल का स्तर काफी ऊपर चला गया है। हम भारत में बैडमिंटन के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस प्रकार, प्रीमियर बैडमिंटन लीग की वापसी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हम इस सीजन के दौरान प्रशंसकों के लिए हमेशा की तरह रोमांचक खेल का वादा करते हैं। थॉमस कप और राष्ट्रमंडल खेलों में जीते गए पदकों के बाद प्रीमियर बैडमिंटन लीग की वापसी निश्चित रूप से भारतीय बैडमिंटन प्रशंसकों और देश में इस खेल के प्रति रुचि जगाएगी।

## 2.26 करोड़ की बोली के साथ पवन सहरावत बने पीकेएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

मुंबई, 6 अगस्त। पवन कुमार सहरावत वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सत्र की नीलामी में 2.26 करोड़ की बोली के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर सामने आये हैं। पीकेएल ने शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि नीलामी में इस सीज़न में चार खिलाड़ियों ने एक करोड़ रुपये की सीमा को पार किया, जबकि पिछले सत्र में सिर्फ दो खिलाड़ियों ने ही इस आंकड़े को छुआ था।

प्रदीप नरवाल और सिद्धार्थ देसाई पिछली बार एक करोड़ रुपये के क्लब का हिस्सा थे, जबकि पवन कुमार सहरावत, विकास खंडोला, फज़ल अतरचली और गुमान सिंह ने कल की नीलामी में एक करोड़ रुपये के क्लब में जगह बनायी। सहरावत सर्वकालिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए 2.26 करोड़ रुपये में तमिल थलाइवाज का हिस्सा बने। दूसरी ओर, विकास खंडोला को 1.70 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद बेंगलुरु बुल्स में एक नया घर मिला।

फ्रैंचाइजी द्वारा 90 लाख रुपये के फाइनल बिड मैच (एफबीएम) कार्ड का इस्तेमाल करने के बाद प्रदीप नरवाल यूपी योद्धा की ओर लौट आए।

ईरानी दिग्गज फ़ज़ल अतरचली ने पुनेरी पलटन में 1.38 करोड़ रुपये में शामिल होने के बाद अब तक के सबसे महंगे डिफेंडर और विदेशी खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यह दोनों रिकॉर्ड पहले भी अतरचली के पास ही थे, जब उन्हें 2018 वीवो प्रो कबड्डी लीग में यू मुंबा ने एक करोड़ रुपये में चुना था।अतरचली के हमवतन, मोहम्मद एस्माइल नबीबक्श को पुनेरी पलटन ने 87 लाख रुपये में खरीदा।

यू मुंबा द्वारा 1.21 करोड़ रुपये में खरीदे गये गुमान सिंह श्रेणी बी में सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में उभरे। नीलामी के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स की ओर से पीकेएल के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, खिलाड़ियों की नीलामी के पहले दिन सभी टीमों के लिए यह एक शानदार दिन था। सभी फ्रेंचाइजी ने अच्छी रणनीति बनाई और हमने देखा कि आज कुछ बेहतरीन बोलियां लगायी गयीं। कल हमारे पास बहुत सारी कार्रवाई होने वाली है और मुझे उम्मीद है कि सभी फ्रेंचाइज़ी अपनी वांछित टीम बनाने में सक्षम होंगी।

## अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप : सेल्वा ने त्रिकूद में जीता रजत

कैली (कोलंबिया), 6 अगस्त। भारत के सेल्वा पी थिरुमारन ने विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। सेल्वा शुक्रवार को 16.15 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जमैका के जेडन हिबर्ट के पीछे रहे, जिन्होंने 17.27 मीटर की छलांग लगाई और स्वर्ण हासिल करने के साथ-साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी स्थापित किया। थिरुमन के छह प्रयासों में से सिर्फ शुरुआती तीन ही वैध करार दिये गये, जबकि बाकी तीन को फाउल घोषित किया गया। 17 वर्षीय भारतीय ने अपने दूसरे प्रयास में पदक जीतने वाली कूद लगायी। इससे पहले, भार ने 4400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक और महिला 400 मीटर दौड़ में रूपल चौधरी की बदौलत रजत पदक जीता था। इस जीत के साथ रूपल विश्व चैंपियनशिप के एक आयोजन में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय भी बन गयी थीं।

## हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण लिटन दास एक महीने के लिए बाहर

हरारे, 6 अगस्त। हरारे में बांग्लादेश और ज़िम्बाब्वे के बीच पहले वनडे में बल्लेबाज़ी करते हुए हैमस्ट्रिंग खिंचाव के चलते विकेटकीपर बल्लेबाज़ लिटन दास खेल से एक महीने के लिए बाहर हो गए हैं। लिटन उस वक़्त 81 पर खेल रहे थे जब एक तेज़ सिंगल लेने के बाद उन्होंने अपने पैर के पिछले हिस्से में दर्द का अनुभव किया। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाने के लिए स्ट्रेचर की ज़रूरत पड़ी।

टीम फ़िज़ियो मुजद्दद ऐल्फ़ा सानी ने उनके चोट की पुष्टि बांग्लादेश के पांच विकेट से मैच हारने के बाद की। उन्होंने कहा, "लिटन दास पहले वनडे में बल्लेबाज़ी करते हुए अपनी हैमस्ट्रिंग पर चोटिल हुए हैं। हमने उन्हें तुरंत स्कैन के लिए भेजा और पाया कि उन्हें ग्रेड 2 मांसपेशियों में खिंचाव हुआ है। ऐसे इंजरी से उबरने में तीन से चार हफ़्ते लग जाते हैं और इसीलिए वह आगे इस सीरीज़ में नहीं खेलेंगे।"

लिटन की यह इंजरी उन्हें एशिया कप के मैचों के लिए भी संदेह में डाल सकती है। बांग्लादेश के शुरुआती मुक़ाबले 30 अगस्त को अफ़ग़ानिस्तान के विरुद्ध और 1 सितंबर को श्रीलंका के ख़िलाफ़ होंगे।

शुक्रवार को हुए मुक़ाबले में दो और बांग्लादेशी खिलाड़ी भी चोटिल हुए थे। मुशफ़ीकुर रहीम को बल्लेबाज़ी करते हुए उनके अंगूठे पर चोट लगी थी और वह फ़ील्डिंग करने नहीं उतरे थे। वहीं शोरिफ़ुल इस्लाम ने अपनी ही गेंद पर शतकवीर इनोसेंट काइया द्वारा लगाए हवाई शॉट को कैच करने के बजाय सीधा अपने घुटने से टकराने दिया था। शोरीफ़ुल मैदान छोड़ने के बाद वापस आए थे और उन्होंने एक ओवर करने का प्रयास भी किया लेकिन दर्द के चलते फिर उपचार के लिए ड्रेसिंग रूम चले गए थे।

सानी ने कहा, "मुशफ़िक़ भाई भी अपने अंगूठे पर चोटिल हुए लेकिन यह कुछ ख़ास नहीं है। शोरीफ़ुल को जब गेंद लगी तो उनका पैर सुन्न पड़ गया था। हमें उम्मीद है वह कल तक बेहतर होंगे और उनके बारे में हम ख़ुशख़बरी देंगे।" इससे पहले भी इस दौरे पर बांग्लादेश को झटका लगा था जब नुरुल हसन ऊंगली में चोट के चलते पिछले हफ़्ते दूसरे टी20 के बाद बाहर हो गए थे। नुरुल का एशिया कप के लिए फ़िट होना भी संदिग्ध है।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और खेल मंत्री ने दी पहलवानों को बधाई

नयी दिल्ली, 6 अगस्त। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक विजेता पहलवानों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। भारतीय कुश्ती दल ने खासा असाधारण प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों के 8वें दिन 6 पदक जीते जिनमें 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य शामिल है। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा कुश्ती में बजरंग पुनिया, पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा कुश्ती में दीपक पूनिया और महिला फ्रीस्टाइल 62 किग्रा कुश्ती में साक्षी मलिक ने स्वर्ण पदक जीते हैं। अंशु मलिक ने महिला फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कुश्ती में रजत, जबकि महिला फ्रीस्टाइल 68 किग्रा कुश्ती में दिव्या काकरान ने और पुरुषों की फ्रीस्टाइल 125 किग्रा कुश्ती में मोहित ग्रेवाल ने कांस्य पदक जीते। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और देश के कोने-कोने से भारत के लोगों ने इन पदक विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाइयां दी है। राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, "साक्षी मलिक ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कड़ी चुनौती को पार किया और भारतीयों को गौरवान्वित किया। आप हमारे युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए एक आदर्श हैं। आप कामयाबी की और सीढ़ियां चढ़ें। हार्दिक बधाई !" एक अन्य ट्वीट में राष्ट्रपति ने कहा, "राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में लगातार दूसरा स्वर्ण जीतने और इतिहास रचने के लिए बजरंग पुनिया को बधाई। आपकी निरंतरता, समर्पण और उत्कृष्टता हमारे युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।